पावर सिस्टम कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड

पोसोको केन्द्रीय कार्यालय, मानव संसाधन विभाग

सन्दर्भ संख्या : के.का./पोसोको/2013/हिन्दी कार्यशाला

दिनांक 11 दिसंबर 2013

हिन्दी कार्यशाला का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 10.12.2013 को प्रात: 11.30 बजे हिन्दी कार्यशाला का आयोजन प्रथम तल स्थित सम्मेलन कक्ष में किया गया जिसमे पोसोको कार्यालय के 15 वरिष्ठ अधिकारियों ने बडे उत्साह से भाग लिया।

1.0 राजभाषा हिन्दी में कार्य को कैसे आसान बनाएँ विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करने के लिये कार्यपालक निदेशक (रा.भा.प्रे.के) से 07 नवंबर 2013 को अनुमोदन प्राप्त किया गया और इसमें व्याख्यान देने के लिये श्री आर पी मिश्रा, महाप्रबंधक(राजभाषा), एन टी पी सी को आमंत्रित किया गया था ।

2.0 श्री अशोक कुमार मारवाह, मुख्य प्रबन्धक(मानव संसाधन)) ने पोसोको कार्यालय की तरफ से बाहय संकाय श्री आर पी मिश्राजी का पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया व उनका पोसोको कार्यालय में व्याख्यान देने के लिये आने पर हार्दिक अभिनन्दन किया व सभी अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोसोको कार्यालय में हिन्दी में कार्य करने को लेकर काफी उत्साह है परंतु अभी और सुधार की आवश्यकता है। हिन्दी में कारी करना आसान है और हम इसकी शुरुआत हिन्दी में हस्ताक्षर कर के भी शुरू कर सकते हैं और छोटे छोटे वाक्यों का प्रयोग कर के भी इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

4.0 श्री आर पी मिश्रा ने अपने व्याख्यान में कहा की भाषा उस देश की संस्कृति को भी दर्शाती है। व श्री मिश्रा ने हिन्दी में कार्य करते हुए आने वाली छोटी छोटी कठिनाईयों को हल करने का तरीका भी बताया व शब्दों को आधा कैसे किया जाए व शब्दों के महत्व के बारे मे भी प्रकाश डाला।

5.0 अंत में श्री आर पी मिश्रा को अपना व्याख्यान पोसोको कार्यालय में आकर देने हेतु मानदेय का चेक श्री मारवाह ने भेंट किया और धन्यवाद ज्ञापन श्री सुरेश कोहली ने किया ।

6.0 पावरग्रिड के राजभाषा विभाग व राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को हिन्दी कार्यशाला का कार्यव्रत भेजने से पूर्व कार्यपालक निदेशक(रा भा प्रे के) व मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) के विचार्थ व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है ।

7.0 विचार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)

नोडल अधिकारी(राजभाषा)

मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन)

कार्यपालक निदेशक (रा.भा.प्रे.के.)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पोसोको)